हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, सोमवार 1 जून 2026

12 जिंदगी को कहें 'हां', तंबाकू को कहें 'ना' के संदेश...



12 विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली निकाली



**खबर संक्षेप**

### छुरी दिखाकर लूटपाट करने का आरोपी धरा

**हिसार।** पीएलए पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनूप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लूट एक की वारदात को सुलझा लिया है। पुलिस टीम ने इस मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पटेल नगर निवासी जतिन उर्फ मुकुल के रूप में हुई है। इस संबंध में पटेल नगर में किराए पर रहने वाले मध्य प्रदेश निवासी विरेन्द्र शर्मा ने शिकायत दी थी। गत दिवस जब वह अपने ठेकेदार से मजदूरी के रुपये लेकर जा रहा था तो एक दुकान के सामने एक अज्ञात लड़के ने उसे रोककर छुरी दिखाई और उससे 5500 लूट लिए और फरार हो गया। शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ पहले भी छीना-झपटी का एक मुकदमा दर्ज है।

### दुष्कर्म और पोक्सो के केस में आरोपी दबोचा

**हिसार।** महिला थाना पुलिस ने दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुम्हार धर्मशाला नलवा निवासी सोनू के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में 23 मई को पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की गई तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास किए गए। पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी भूपेन्द्र को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### न्यायिक हिरासत में भेजा दुष्कर्म का आरोपी

**हिसार।** पुलिस ने दुष्कर्म, पोक्सो एवं एससी/एसटी एक्ट के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उमरा निवासी नवीन के रूप में हुई है। डीएसपी कमलजीत ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता के आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी पिता के शिकायत पर उमरा निवासी नवीन के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी नवीन को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# युवती से दोस्ती पड़ी भारी, पूर्व प्रेमी ने शोरूम मैनेजर को मौत के घाट उतारा

## सिगरेट मांगकर दिया झांसा, फिर पेट में घोंपा चाकू, एक नामजद व 4-5 अन्य पर केस

- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, सीआईए की तीन टीमें कर रहीं तलाश
- पुलिस ने पिता के बयान पर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एनएच-10 मार्केट में जॉकी शोरूम के मैनेजर सूरज जैन की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पूरी घटना शोरूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच में हत्या के पीछे गर्लफ्रेंड को लेकर हुआ विवाद सामने आ रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है लेकिन अभी तक किसी आरोपी को पकड़ नहीं पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार रात चार युवक काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर बाजार में आए। ये सूरज के परिचित बताए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि पहले एक युवक सूरज के पास आता है और उससे सिगरेट लेता है, ताकि लगे कि वे सिर्फ बात करने आए हैं। दूसरा साथी कुछ दूरी पर खड़ा होकर फोन पर बात करता है। बातचीत खत्म होने के बाद वही युवक सूरज को थप्पड़ और लात मारता हुआ दूर ले जाता है। इसी दौरान आरोपी ने पेंट की जेब से चाकू निकालकर सूरज के पेट में घोंप दिया। चाकू लगते ही सूरज मौके पर गिर पड़ा। बाजार में मौजूद लोग उसे गंभीर हालत में हांसी के नागरिक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि सूरज जैन की हाल ही में एक युवती से दोस्ती हुई थी, जो पहले वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी के साथ भी रिलेशन में रह चुकी थी। इसी रंजिश के चलते सूरज आरोपियों के निशाने पर था। हालांकि पुलिस अन्य एंगल से भी जांच कर रही है। वारदात के समय मार्केट में कई लोग मौजूद थे, लेकिन हमलावरों को कोई रोक नहीं पाया। आरोपी वारदात के बाद स्कॉर्पियो में फरार हो गए। वारदात के बाद एनएच-10 मार्केट के दुकानदारों में दहशत का माहौल है।



हांसी। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक सूरज जैन के परिजन।

### नामी वकील ओपी जैन का पोता था सूरज



सूरज जैन हिसार के मॉडल टाउन में किराए के मकान में रहने वाले रोहित जैन का बेटा था। सूरज के दादा ओपी जैन अपने समय के हिसार के नामी वकील थे। बुआ डॉ. पुष्पा बंसल हिसार की प्रसिद्ध डॉक्टर रही हैं। कर्ज के चलते परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ने से प्रॉपर्टी बिक गई और परिवार किराए के मकान में रहने लगा।

### 4 साल से मैनेजर था सूरज

मृतक सूरज के पिता दीपक जैन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका बड़ा बेटा सूरज पिछले करीब चार साल से एनएच-10 हांसी आउटलेट सेंटर पर जोकी शोरूम में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। दीपक जैन ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे मेरे पास फोन पर सूचना आई कि मेरे बेटे सूरज पर चाकू से हमला किया गया है। जब मैं घबराया हुआ शोरूम पहुंचा तो वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। पिता ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दिया कि हिसार निवासी राजेश कुमार का बेटा साहिल बामल अपने तीन-चार दोस्तों के साथ वहां आया था। साहिल और उसके साथियों ने सूरज पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी साहिल बामल और उसके तीन-चार अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### स्कॉर्पियो में आए थे आरोपी

सदर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया चार युवक स्कॉर्पियो में सवार होकर शोरूम पर आए थे। बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया, जिसके बाद एक आरोपी ने सूरज को चाकू मार दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतक सूरज के पिता रोहित जैन के बयान पर साहिल बामल सहित चार-पांच अन्य के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपकर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

### आरोपियों की पहचान कर उनके ठिकानों पर दबिश दे रही पुलिस

डीएसपी क्राइम रविंद्र सांगवान ने कहा कि सीआईए की तीन टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हैं। एक आरोपी साहिल बामल हिसार के आजाद नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर हिसार में उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

# निवेश के नाम पर ठगी का आरोपी राजस्थान से दबोचा

- 10 हजार रुपये बरामद, पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी



साइबर थाना पुलिस ने टेलीग्राम के माध्यम से निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला करौली के गांव हिंडौन निवासी तनुज के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में लगी है।

मामले की जानकारी देते हुए उप निरीक्षक बर्लिन ने बताया कि हांसी निवासी एक युवक ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसे टेलीग्राम पर डिजिटल स्टॉक मार्केट में निवेश करने का संदेश मिला था।

शुरुआत में साइबर ठगों ने कम राशि निवेश कराकर उस पर मुनाफा दिखाया और शिकायतकर्ता के खाते में कुछ रुपये वापस भेजकर उसका विश्वास जीत लिया। इसके बाद अधिक लाभ का लालच देकर अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों में लगातार पैसे ट्रांसफर करवाए गए।

शिकायतकर्ता लंबे समय तक ठगों के झांसे में आकर रकम भेजता रहा। जब उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ तो उसने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना हांसी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों के विश्लेषण और अन्य महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर आरोपी तन्नुज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की रकम में से 10 हजार रुपये बरामद किए हैं।

### दो अवैध पिस्तौल सहित आरोपी दबोचा

**हिसार।** सीआईए टीम ने दो अवैध हथियारों एवं दो जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फतेहाबाद के कुलां निवासी धर्मबीर के रूप में हुई है।

सीआईए प्रभारी ने बताया कि एसआई विजय कुमार अपनी टीम के साथ अपराध नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान ढढूर पुल के नजदीक धर्मबीर को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ एवं तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 315 बोर के दो अवैध हथियार तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# बास में करंट लगने से मुर्राह भैंस की मौत बिजली निगम के खिलाफ ग्रामीणों में रोष

- बाकी भैंस भी बची बाल-बाल, किसान ने बिजली निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद



नारनौंद। बास आजमशाहपुर में बिजली के पोल पर लटकता तार।

बास आजमशाहपुर गांव में किसान की एक मुर्रा नस्ल भैंस की बिजली के पोल पर लटके तार के करंट लगने से मौत हो गई। साथ खड़ी अन्य भैंस बाल-बाल बच गई। किसान ने बिजली निगम की लापरवाही की शिकायत पुलिस को दे दी है। ग्रामीणों में बिजली निगम की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष बना हुआ है।

गांव बास आजमशाहपुर निवासी किसान कर्मवीर ने बताया कि रविवार की सुबह वह भैंसों को तालाब पर पानी पिलाने के लिए जा रहा था। गांव की चौपाल के पास बिजली निगम के कर्मचारियों ने खंबा लगाया हुआ है जिसका अर्थ का तार लटक कर नीचे आया हुआ था। भैंस उसे तार से टकरा गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा होते ही बाकी भैंस को वहां से दूर कर लिया। अन्यथा बाकी भैंसे भी करंट की चपेट में आ सकती थी। इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। बिजली निगम के अधिकारियों को भी शिकायत भेजी गई। वही भैंस का पोस्टमार्टम करवाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के बीच में चौपाल के पास बिजली का पोल से अर्थ का तार काफी नीचे आया हुआ है। इसको नीचे ही बांध दिया गया जबकि अर्थ के तार की धरती में गड्ढा खोदकर उसमें दबाया जाता है। बिजली कर्मचारियों की ये बड़ी लापरवाही है जिसके कारण किसान को लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

# सोनिया आनंद हत्याकांड: एक माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## न धरने-प्रदर्शन काम आए और न ही पुलिस का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका की हत्या मामले में एक माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। शहर के विभिन्न संगठन हत्यारोपी को पकड़ने के लिए धरने, प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन इनका दबाव भी काम नहीं आया। अब धरना प्रदर्शन करने वाले संगठन भी शांत हो गए हैं लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। हालांकि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा है लेकिन ये घोषणा भी पुलिस को आरोपी तक नहीं पहुंचा पाई है।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पिछले एक माह से इधर-उधर खाक छान रही है लेकिन आरोपी लगातार चकमा देकर गायब हो रहा है। हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने के रोषस्वरूप विभिन्न संगठनों ने कैंडल मार्च निकालकर व प्रदर्शन करके पुलिस पर कथित लापरवाही के आरोप जड़े और चेतावनी दी कि यदि आरोपी नहीं पकड़ा गया तो हर बाजार में रोष प्रदर्शन किए जाएंगे। शहरवासी कैंडल मार्च निकालकर व धरना देकर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं लेकिन ये सब कोई काम नहीं आए और आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया है।






### यह था मामला

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया की उसके पति ने ही एक मई को निर्ममता से हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। शुरू में पुलिस इसे सामान्य हत्या का मामला मानकर चल रही थी और उम्मीद थी कि आरोपी शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा लेकिन एक माह बाद तक भी पुलिस इधर से उधर खाक छानती फिर रही है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों आरोपी की लोकेशन भी दिल्ली की मिली लेकिन जब तक पुलिस पहुंची, तब आरोपी लोकेशन वाले स्थान से गायब हो गया। पुलिस ने आशंका जताई है कि आरोपी सौरभ आनंद दिल्ली या हरिद्वार में छिपा हो सकता है।

### पुलिस लगातार कर रही प्रयास

पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। पुलिस विभिन्न तकनीकी पहलुओं के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# दो मामलों में 13.43 ग्राम हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

### 7.12 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी न्याना से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

सीआईए मिल गेट पुलिस टीम ने न्याणा गांव से एक युवक को 7.12 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव के आशीष कुमार के रूप में हुई है। सीआईए मिल गेट प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि एएसआई विक्रांत ने अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान शक के आधार पर एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7 ग्राम 120 मि.ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### दो युवक 6.31 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए नारनौंद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 6.31 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। एसआई धर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि अंकुश तथा मोहित निवासी तिगड़ाना जिला भिवानी के नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। वे हांसी क्षेत्र में नशीला पदार्थ लेकर आने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शिव कॉलोनी हांसी क्षेत्र में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तुरंत ही दोनों को काबू कर लिया। जब उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित अंकुश के कब्जे से 6.31 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन को कब्जे में लेकर दोनों आरोपितों के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जमीनी विवाद में फायरिंग के दो आरोपी पकड़े

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने जमीनी विवाद के दौरान हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सेक्टर 14 निवासी दलबीर व उसके पुत्र विनय के रूप में हुई है। सदर थाना से उप निरीक्षक सूरजमल ने बताया कि इस संबंध में 30 मई को ढंढूर निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने जमीनी विवाद एवं खेत के रास्ते को लेकर अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से हवाई फायर किए तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाइसेंसी रिवॉल्वर, पांच जिंदा कारतूस तथा एक चला हुआ कारतूस बरामद किया है।

# सेंट्रल जेल में सर्च ऑपरेशन चलाकर जांची सुरक्षा व्यवस्था



हिसार। डीएसपी कमलजीत के नेतृत्व में जेलों का निरीक्षण करते पुलिस की टीमें।

**हिसार।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जेलों की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने के उद्देश्य से डीएसपी क्राइम कमलजीत सिंह के नेतृत्व में जिला की दोनो जेलों में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीआईए मिल गेट, सीआईए बरवाला, सीआईए हिसार, एंटी नारकोटिक सेल, डॉग स्क्वायड तथा स्वैट टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। टीमों ने जेल परिसर के प्रत्येक बैरक, आवासीय कक्ष, सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की गहनता से तलाशी ली। इसके अतिरिक्त जेल में बंद बंदियों की भी नियमानुसार जांच एवं तलाशी की गई। इस अवसर पर डीएसपी क्राइम कमलजीत सिंह ने जेल में बंद बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने, अपराध से दूर रहने तथा सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बंदियों को कानून का सम्मान करने, नशे एवं आपराधिक गतिविधियों से दूरी बनाए रखने तथा रिहाई के बाद सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा है कि जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए ऐसे विशेष सर्च अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

**कार्यक्रम** कैबिनेट मंत्री ने सातरोड खास के बूथ नंबर 123 पर कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के मन की बात

# 'मन की बात' से मिलती है राष्ट्र सेवा की नई ऊर्जा : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने रविवार को सातरोड खास स्थित बूथ नंबर 123 पर कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी विचार समाज और राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश को नई दिशा देने वाला है और उनके विचार समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने विचारों के माध्यम से देशवासियों को सकारात्मक सोच, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। उनके विचारों से युवा वर्ग प्रेरणा लेकर सफलता के पथ पर अग्रसर हो रहा है तथा राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, संजीव रेवड़ी, अजय कांत जांगड़ा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: आशा खेदड़

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरणा देने, सामाजिक सरोकारों से जोड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ.आशा खेदड़ रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण को हिसार विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 4 पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने साथ सामूहिक रूप से देख व सुन रही थी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसी ने किसी क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त नागरिकों से बात करके उनका हौंसला बढ़ाते हैं। यही नहीं, कितने ही नागरिक ऐसे हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के इस संबोधन से प्रेरणा लेकर स्वरोजगार शुरू करके देश को आर्थिक तरक्की देना शुरू किया है। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपरा ने बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में बूथ नंबर चार कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं पवन बिश्नोई के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में गगन शर्मा, अमर पातड़, पीयूष मेहता, रामचंद्र गुप्ता, रमेश बंसल, टीनू जैन, रंजीव राजपाल, शंकर गोस्वामी, विनोद तोशावर, अजय बेनीवाल, सुमित लितानी, विकास गौड़, कृष्ण बिश्नोई, एडवोकेट रेणु मलिक, राधा बंसल आदि मौजूद थे।





कहानी
पवन गहलोत

# आंखों की जलन

जनवरी महीने की ठिठुरती ठण्ड में सुबह पांच बजे ही वह शहर के चौराहे के पुल के नीचे खम्भे के पास अपने ठिकाने पर पहुंच गया। वहां पहुंचने के बाद जब वह अपने कंधे पर टंगा औजारों का थैला जमीन पर रखने के लिए झुका तो जमीन पर बहुत सारे बीड़ी के टुकड़ों और माचिस की जली हुई तीलियों को देखकर वह अचरज में पड़ गया। अपने कंधों को उचकाते हुए वह सोचने लगा कि ये इतने सारे बीड़ी के टुकड़े आखिर यहां पर आए कैसे। दिमाग पर काफी जोर डालने के बाद भी वह कुछ भी याद नहीं कर पा रहा था। बीड़ी के टुकड़ों और माचिस की जली हुई तीलियों के अलावा वहां पर प्लास्टिक की कुछ थैलियां भी इकट्ठा हो गई थी। ऐसा शायद पिछली रात आंधी आने के कारण हुआ होगा - वह अनुमान लगाने लगा।

अपने ठिकाने पर फैले उस ढेर सारे कूड़े को देखकर वह एक पल के लिए हौले से मुस्कुराया और धीमे-धीमे कदमों से सड़क के किनारे की ओर चल दिया। वहां पर एक दुकान के सामने नाली के ढक्कन की ओट में रखी एक टूटी-सी झाड़ू को उठाया और फिर से धीमे-धीमे कदमों से चलते हुए अपने ठिकाने पर वापस आ गया। असल में कुछ तिनकों का गुच्छा भर वह झाड़ू खुद कूड़े जैसी लग रही थी। लेकिन उसने उसे कई दिनों से कूड़ा साफ करने के लिए संभालकर रखा हुआ था। उस टूटी-सी झाड़ू से जमीन की सफाई करने में उसे लगभग पैंतीस-चालीस मिनट लग गए। भले ही देरी से हो, लेकिन लगातार जुटे रहने से काम आखिर हो ही जाता है। झाड़ू लगाने के बाद इकट्ठे हुए कचरे को उठाकर वह सड़क के दूसरे किनारे पर रखे कूड़ेदान में डाल आया। बुढ़ापे में कमजोर शरीर होने के कारण वह काफी थक गया था। क्योंकि उसकी दुकानदारी का समय शुरू होने वाला था इसलिए सफाई करने के बाद उसने सोचा कि अगर वह झाड़ू को वापस सड़क के किनारे दुकान के सामने नाली के ढक्कन की ओट में रखने जाएगा तो उसे काफी समय लग जाएगा। इसलिए उसने उस तिनकों वाली झाड़ू को वहीं खम्भे के पास ही रख दिया। उसका कुर्ता पसीने से लगभग पूरा भीग चुका था। अपने शरीर से चिपके पसीने से तर कुर्ते को उसने अपने सीने से थोड़ा ऊपर उठाया। जब उसमें से सुबह की ठण्डी-ठण्डी हवा गुजरी तो उसने थोड़ी राहत की सांस ली। इसके बाद अपनी मुड़ी हुई कमर पर दोनों हाथ रखकर उसे सीधा करने का प्रयास करने लगा। ऐसा करने से उसे थोड़ा-सा आराम मिलने का आभास हुआ। इसके बाद अपने थैले से उसने मोटे-से कपड़े का एक टुकड़ा निकाला और उसे वहीं खम्भे के साथ बिछा दिया।

इसके बाद अपने थैले से एक-एक करके औजारों और अन्य सामानों को निकाला और उन्हें वहीं पर ईंटों के बने हुए एक छोटे-से चबूतरे पर तरतीब के साथ खंभे से अपनी पीठ टिकाकर उस मोटे-से कपड़े के ऊपर बैठ गया। अपनी जूते मरम्मत एवं पॉलिश की दुकान सजाने के बाद उसने ऊपर आसमान की ओर देखना चाहा, लेकिन पुल होने की वजह से उसे आसमान नजर नहीं आया। वैसे तो वह एक व्यस्त चौराहा था, लेकिन अभी लोगों का आना-जाना शुरू नहीं हुआ था। वह बड़े शांत मन से ग्राहकों का इंतजार करने लगा। अपनी जगह पर बैठा वह सुबह-सुबह सड़क से गुजरने वाले लोगों को देख रहा था।

> स्कूल जाने वाले बच्चे जब उसकी तरफ देखते तो वह भी मुस्कुराते हुए उनकी ओर देखता। कभी-कभार कोई बच्चा जब उसकी ओर हाथ हिलाता तो वह भी हाथ हिलाते हुए आत्मिक संतुष्टि से भर जाता।



स्कूल जाने वाले बच्चे जब उसकी तरफ देखते तो वह भी मुस्कुराते हुए उनकी ओर देखता। कभी-कभार स्कूल की किसी बस में बैठा कोई बच्चा जब उसकी ओर हाथ हिलाता तो बदले में उसकी ओर हाथ हिलाते हुए वह आत्मिक संतुष्टि से भर जाता। कुछ ही देर में उसे अपनी आंखों में जलन-सी महसूस हुई। पिछले कुछ दिनों से उसकी आंखों में कुछ तकलीफ है। कब से और किस वजह से है, इस बारे में उसे कुछ भी नहीं पता था। वह बार-बार याद करने का प्रयास करता कि आखिर उसकी आंखों को हुआ क्या है, लेकिन काफी सोचने पर भी वह सही ढंग से कुछ भी याद नहीं कर पा रहा था। दिमाग पर ज्यादा जोर ना डालने की मंशा से उसने इस बारे में सोचना छोड़ दिया और फिर से ग्राहकों का इंतजार करने लगा। लेकिन मन भला शांत कैसे रह सकता है। हमेशा कुछ-न-कुछ सोचते रहना ही तो स्वभाव है मन का। विचारों की गलियों में घूमते हुए उसे कल वाले ग्राहक का ख्याल आया। कल उसके पास एक व्यक्ति अपने जूतों की मरम्मत करवाने के लिए आया था। वह बिल्कुल भी जल्दी में नहीं था। उसे याद आया कि जब उसने उससे पूछा कि जूते कितनी देर में वापस चाहिए, तब उसने कहा था कि काम सही होना चाहिए, समय चाहे कितना भी लग जाए। इसके बाद जब तक वह उसके जूतों की मरम्मत करता रहा, तब तक वह लगातार बीड़ी पीता रहा। उसके बिल्कुल पास बैठे होने तथा हवा का रुख उसी की ओर होने के कारण बीड़ी का धुआं सीधे उसके चेहरे की ओर आ रहा था। अब क्योंकि वह ग्राहक था इसलिए उसने उसे कुछ नहीं कहा और चुपचाप उस तेज धुएं को झेलता रहा। एक पल के लिए उसने सोचा कि काश वह उसे बीड़ी पीने के लिए मना कर देता, क्योंकि जब से उसने वह धुआं झेला है, तब से उसे आंखों में लगातार जलन महसूस हो रही है। इसके साथ ही उसे सब कुछ धुंधला-सा नजर आने लगा है। फिर अगले ही पल उसके मन में ख्याल आया कि - नहीं ऐसा सोचना गलत है, ग्राहक भगवान होता है। हमें उसकी किसी भी बात का बुरा नहीं मानना चाहिए। विचारों के आकाश में विचरण हुए उसे पता ही नहीं चला कि कब सूरज ने अपनी किरणें धरती की ओर उछाल दी। उसने सोचा कि अब तो दिन चढ़ने लगा है कोई न कोई ग्राहक तो अब तक आ ही जाना चाहिए था। सुबह-सुबह अच्छा काम मिलने की मंशा से वह अपने ठिकाने पर सुबह जल्दी पहुंच जाता था, लेकिन अक्सर दोपहर तक भी उसको कोई ग्राहक नहीं मिलता। असल में अधिकतर लोगों को उसकी उम्र देख कर ऐसा लगता था कि वह अपने काम को सही ढंग से नहीं कर पाएगा।

सुबह के दस बज चुके थे। ग्राहकों के इंतजार में, अब तक कोई भी ग्राहक क्यों नहीं आया है, क्या सभी कंपनियां अच्छी गुणवत्ता के जूते बनाने लगी हैं या फिर आजकल लोगों ने जूतों की मरम्मत करवाना ही छोड़ दिया है - इसी तरह के तमाम विचारों की उधेड़बुन उसके मन में चलती रही। कुछ देर बाद जब उसे थोड़ी प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए अपनी जगह से उठ खड़ा हुआ और कुछ ही दूरी पर सड़क के किनारे लगी टंकी के पास जा पहुंचा। अपनी प्यास बुझाने के बाद लौटते समय वह फिर से ख्यालों की दुनिया में खो गया। उसे याद आया कि लगभग दो हफ्ते पहले जब वह पानी पीकर लौट रहा था तो उसे वहां पर एक मक्की बेचने वाला उदास खड़ा दिखाई दिया। पूछने पर उसने बताया कि पुलिस वाले ने सड़क के किनारे खड़ा होने पर उस पर जुर्माना लगा दिया था। अब जगह बदलने पर उसकी दुकानदारी में घाटा होगा। इस पर उसने बड़े अधिकारपूर्वक उससे अपने ठिकाने के पास खड़ा होने के लिए कह दिया था। उसने उसे बताया कि जिस खंबे के पास वह अपना ठिकाना बनाए हुए है, उसके दूसरी ओर की जगह काफी अच्छी है। वहां पर वह आसानी से खड़ा हो सकता है और वहां उसे कोई परेशान भी नहीं करेगा।

> एक पल के लिए उसने सोचा कि काश वह उसे बीड़ी पीने के लिए मना कर देता, क्योंकि जब से उसने वह धुआं झेला है, तब से उसे आंखों में लगातार जलन महसूस हो रही है।

उसकी बात मानकर वह मक्की बेचने वाला उसके पास आ गया और खंभे के दूसरी ओर उसने अपना ठिकाना बना लिया। वह पूरे दिन मक्की बेचता। ग्राहक उससे हमेशा गर्म मक्की की मांग करते। ग्राहकों की मांग पर वह अपनी छोटी-सी भट्ठी पर मक्की गर्म करने लगता। जब वह मक्की को भट्ठी पर गर्म करता तो भट्ठी से उठने वाला धुआं खंभे के दूसरी ओर उड़ने लगता। पानी पीने के बाद अपने ठिकाने पर लौटते समय उसने खंभे की दूसरी ओर देखा तो वहां पर वह मक्की बेचने वाला अभी तक भी नहीं पहुंचा था। वह अपने ठिकाने पर आकर बैठा ही था कि उसे अपनी आंखों में फिर से जलन महसूस हुई। अपनी आंखों को मलते हुए वह फिर से विचारों की दुनिया में खो गया।

उधर वह अपने विचारों में खोया हुआ था, इधर वह मक्की बेचने वाला अपने नए ठिकाने पर पहुंच चुका था। कुछ ही देर में उसे एक व्यक्ति उसी की ओर आता हुआ दिखाई दिया। उस व्यक्ति को उम्मीद भरी नजरों से निहारते हुए उसने जूते मरम्मत के औजारों को देखकर मन ही मन सोचा कि - चलो बोहनी तो हुई। अगर दिन भर में आठ-दस ग्राहक भी आ जाएं तो मेरा काम आसानी से चल जाए। सोचते हुए वह जूते मरम्मत के औजारों की ओर देखने लगा। लेकिन उसे सब बहुत आश्चर्य हुआ, जब वह आदमी उसकी और ना ठहरकर उस मक्की वाले के पास जाकर रुक गया। उसने उस मक्की वाले से एक ताजा भुनी हुई मक्की मांगी। उसने मक्की को छोटी-सी भट्ठी पर रखा और भट्ठी को सुलगाने लगा। भट्ठी से उड़ता हुआ धुआं खंभे के दूसरी ओर पहुंच रहा था।

खंभे के दूसरी ओर बैठा वह बुजुर्ग व्यक्ति अपनी आंखों को मलते हुए सोच रहा था - चलो कोई बात नहीं, मेरी न सही कम से कम साथ वाले की बोहनी तो हुई। धुएं के कारण उसकी आंखों की जलन बढ़ने लगी थी। अपनी आंखों को मलते हुए वह याद करने का प्रयास करते हुए मन ही मन बुदबुदा रहा था - 'समझ में नहीं आ रहा कि आंखों में यह कम्बख्त जलन आखिर कब से होने लगी है....'

---

पुस्तक समीक्षा

## पठनीय है डिजिटल पेरेंट्स परफेक्ट नहीं, प्रेजेंट बनें




समीक्षक
सेंट्रल डेस्क

पुस्तक 'डिजिटल पेरेंट्स : परफेक्ट नहीं, प्रेजेंट बनें-के लेखक मूल रूप से एक शिक्षक हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपने गहरे अनुभव के आधार पर , वे आधुनिक पेरेंटिंग की चुनौतियों को करीब से समझते हैं। लेखक का उद्देश्य माता- पिता और बच्चों के उस टूटते हुए पुल को फिर से बनाना है, जिसे डिजिटल दुनिया ने कमजोर कर दिया है। यह पुस्तक 10 डिग्री की डिजिटल सुरंग से 180 डिग्री के खुले आसमान तक की पेरेंटिंग पर ध्यान आकर्षित करती है। ड्रीम बुक पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक आजकल के युवाओं की कृतिम एल्गोरिदम पर प्रकाश डालती है। लेखक के अनुसार पंद्रह सेकंड की रील्स ने युवाओं की एकाग्रता का अकाल ला दिया है। सोशल मीडियाके हजारों मित्रों के बीच भी हमारा बच्चा एक वास्तविक अकेलेपन से जूझ रहा है। इस पुस्तक को मुख्य रूप से तीन भागों में बांटा गया है। प्रथम- 10 डिग्री डिजिटल टनल, द्वितीय- 180 डिग्री ब्रांड विजन और तृतीय 10 डिग्री की डिजिटल सुरंग से 180 डिग्री ब्रांड विजन तक। यह किताब पेरेंटिंग की कोई ₹रूलबुक₹ नहीं है, क्योंकि सच तो यह है किपरफेक्ट पेरेंट जैसी कोई चीज इस दुनिया में होती ही नहीं है ।



संदीप विद्यार्थी
लेखक

यह किताब एक जागृति है। यह इस बात की याद दिलाती है कि हमारे बच्चों को परफेक्ट माता-पिता नहीं चाहिए; उन्हें प्रेजेंट (उपस्थित) माता-पिता चाहिए। उन्हें ऐसा माता-पिता चाहिए जो डिनर टेबल पर अपना फोन किनारे रखकर उनकी आँखों में देख सके, जो मल्टी टास्किंग के इस भ्रम से बाहर निकलकर उन्हें अपना बिना बंटा हुआ समय दे सके। इस किताब के पन्नों में आप अपनी ही कहानी पाएंगे। यह पुस्तक आपको सोच पर मजबूर करेगी कि कहीं आपकी परवरिश आपके अपने 'डर' से परे नहीं है? यह आपको सिखाएगी कि कैसे बच्चों को छोटे-छोटे संघर्ष करने दें ताकि उनका असली आत्म-सम्मान विकसित हो सके। पुस्तक में लेखक ने वर्तमान में प्रचलित अंग्रेजी के आम बोलचाल वाले शब्दों का इस्तेमाल किया है। ऐसा शायद पाठकों की सुविधा के लिए ही किया गया है ताकि वर्तमान पीढ़ी हिन्दी के कठिन और बोझिल शब्दों के अर्थ के फेर में न पड़े और आसानी से लेखन के मर्म को समझ पाए। पुस्तक करीब 240 पृष्ठों में है। इसके बावजूद पाठकों को बांधे रखने में सक्षम जान पड़ती है। हर विषय अभिभावकों और न्यू जेनरेशन के लिए एक मार्गदर्शिका का काम करता है और उन्हें अपनी सोच में बदलाव लाने को प्रेरित करता है। कुल मिलाकर लेखक का यह प्रयास काफी सराहनीय बन पड़ा है।

---

कवि कॉर्नर

कविता | आनंद शर्मा



### उसकी मोहब्बत

उसकी मोहब्बत
तेज बारिश-सी
और मैं...
शहरों की सड़कों-सा
डूबता ही रहा।

उसकी मोहब्बत
कुटिल राजनीति-सी
और मैं...
भोली जनता-सा लुटता ही रहा।

उसकी मोहब्बत
गंगा नदी-सी,
और मैं...
कूड़ा करकट समाता ही रहा।

उसकी मोहब्बत
प्रगति-सी
और मैं...
पेड़ों-सा कटता ही रहा।

उसकी मोहब्बत
महंगाई-सी
और मैं...
गरीब का बजट सिकुड़ता ही रहा।

उसकी मोहब्बत
आधुनिकता-सी,
और मैं...
संस्कारों-सा मरता ही रहा।

कविता | सपना



### जो चाहा, वो मिला नहीं

जो चाहा वो मिला नहीं ।
जो मिला वो चाहा नहीं ।।

अजीब सी कश्मकश है ये जिंदगी ।
कुछ खोया भी नहीं और पाया भी नहीं ।।

ताउम्र गुजर गई समेटने में।
लेकिन जाएगा साथ कुछ भी नहीं ।।

न जाने कितनी उम्मीदें पालें हुए हैं सब ।
जबकि भरोसा अगले पल का भी नहीं ।।

जिस कल की सोच में आज डूबे हैं सब ।
उस कल मेंशायद हम हैंभी नहीं ।।

किस "मैं" के अहं में है इंसान ।
औक़ात जिसकी एक रत्ती बराबर भी नहीं ।।

---

# गैस सिलेंडर अब नौकर नहीं, घर का दामाद



व्यंग्य | कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

पुराने जमाने में सिलेंडर रसोई के एक अंधेरे कोने में चुपचाप पड़ा रहता था। उसकी हैसियत घर के उस पुराने नौकर जैसी थी, जो बिना शिकायत किए सालों-साल सेवा करता रहता है। उस वक्त गृहिणियां उस पर पैर रखकर ऊंचे डिब्बे उतारती थीं या कभी-कभी उस पर बेलन पटककर अपनी नाराजगी जाहिर कर दिया करती थीं। लेकिन वक्त बदला और वक्त के साथ सिलेंडर की 'किस्मत' ऐसी चमकी कि आज वह रसोई का 'अन्नदाता' कम और ड्राइंग रूम का 'दामाद' ज्यादा नजर आने लगा है। उसकी कीमत और इज्जत अब उस मुकाम पर पहुंच गई है जहां उसे 'रिफिल' कराते समय घर के बुजुर्ग वैसे ही भावुक हो जाते हैं, जैसे बिटिया की विदाई पर होते हैं।

### विदाई की रस्म और स्वागत का उल्लास

जब सिलेंडर खाली होता है, तो घर के माहौल में एक अजीब सी 'अघोषित शोक सभा' छा जाती है। गृहिणी हिला-हिलाकर उसकी अंतिम सांसें चेक करती है और जब वह जवाब दे जाता है, तो घर का मुखिया उसे दरवाजे तक ऐसे छोड़ने जाता है, जैसे किसी प्रियजन को रेलवे स्टेशन पर विदा करने जा रहा हो। वहीं दूसरी ओर, जब नया 'भरा हुआ' सिलेंडर घर की दहलीज पर कदम रखता है, तो घर के बच्चों



से लेकर बड़ों तक के चेहरे खिल जाते हैं। डिलीवरी वाले भैया का स्वागत किसी 'राजदूत' की तरह किया जाता है। उन्हें चाय-पानी के लिए ऐसे पूछा जाता है, मानो वह सिलेंडर नहीं बल्कि घर के लिए कोई बहुत बड़ा 'शुभ समाचार' लेकर आए हों। मोहल्ले वाले भी तिरछी नजरों से देखते हैं कि— 'वाह! इनके घर तो नया सिलेंडर आया है, जरूर कोई बड़ा हाथ मारा होगा।'

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 'तिजोरी' का मोह

आज के दौर में लोग सिलेंडर को किचन में नहीं, बल्कि उसे अपनी 'तिजोरी' या बेडरूम के पास रखते हैं। डर यह नहीं कि कोई उसे उठा ले जाएगा, डर यह है कि कहीं उसकी कीमती गैस 'लीक' होकर पड़ोसी की नाक तक न पहुंच जाए। पड़ोसी भी अब कम चालाक नहीं हैं। पहले वे खुशबू सूंघकर बताते थे कि— 'आज तो आपके घर शाही पनीर बना है।' लेकिन अब अगर गैस की हल्की सी गंध भी पड़ोस में चली जाए, तो घर का मालिक फौरन खिड़कियां बंद कर लेता है, कहीं पड़ोसी उस गंध के जरिए 'फ्री में' गैस का आनंद न ले ले। लोग अब सब्जी में तड़का लगाने से पहले घर के दरवाजे ऐसे बंद करते हैं, मानो कोई 'गोपनीय परमाणु परीक्षण' करने जा रहे हों। वह दिन अब दूर नहीं लगता जब शादियों में दहेज के रूप में 'फॉर्च्यूनर' या 'प्लॉट' की जगह '5 भरे हुए सिलेंडर' मांगे जाएंगे। मध्यम वर्ग के घरों में अब सिलेंडर ड्राइंग रूम के सोफे के बगल में सजाकर रखा जाने लगा है। मेहमान जब घर आते हैं, तो मेजबान गर्व से सिलेंडर की ओर इशारा करते हुए कहता है— 'देख रहे हैं? एकदम 'ब्रांड न्यू' और फुल रिफिल है! कल ही ब्लैक में... मेरा मतलब है, बड़ी सिफारिश के बाद मिला है।'

लोग अब सोने के गहनों की फोटो इंस्टाग्राम पर नहीं डालते, बल्कि भरे हुए सिलेंडर के साथ सेल्फी लेकर 'फीलिंग रिच' का स्टेटस लगाते हैं।

### बजट में 'आग' लगाता मेहमान

निष्कर्ष यह है कि सिलेंडर अब सिर्फ रसोई की आग नहीं जलाता, बल्कि वह मध्यम वर्ग के मासिक बजट में भी 'आग' लगाता है। यह दुनिया का वह इकलौता मेहमान है जिसके घर आने पर 'खुशी' (खाना बनने की) और जेब खाली होने पर 'गम', दोनों एक साथ मिलते हैं। सिलेंडर की बढ़ती कीमत ने इसे एक ऐसी 'चल-अचल संपत्ति' बना दिया है, जिसे रिफिल कराना अब किसी निवेश से कम नहीं लगता।

आज का आम आदमी बस इसी दुआ में लगा रहता है कि- 'हे प्रभु! चाहे मेरी सेहत का मीटर धीमा चले, पर इस सिलेंडर की सुई जरा धीरे-धीरे नीचे गिरे।'

---

मोटिवेशनल

## सफल दिखने की दौड़ में खुश रहना भूल गए लोग



डॉ. रोहित बंसल
मोटिवेशनल स्पीकर

आजकल हर इंसान चाहता है कि बाकी सभी उसे सफल, धनवान और परफेक्ट समझें। अपनी असल जिंदगी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, वे अपनी 'ऑनलाइन इमेज' पर ज्यादा ध्यान देते हैं। कुछ लोग अपनी विदेश यात्रा या महंगी कार के बारे में बताते हैं तो दूसरे अपनी आलीशान जीवनशैली को दिखाते हैं। समाज का मानना हो गया है कि जितना अधिक आप दिखावा करेंगे, उतना अधिक आप सफल होंगे। हालांकि,सच्चाई इसके विपरीत है। बाहर से मुस्कुराते हुए चेहरे अंदर तनाव, मानसिक थकान और अकेलापन महसूस करते हैं। सफलता का पैमाना भी बदल गया है ,क्योंकि अधिक लोग इसे आर्थिक मापदंडों से देखने लगे हैं। लोग अपनी आवश्यकताओं को नजरअंदाज करते हैं और दूसरों को खुश करने के लिए जीते हैं। यही कारण है कि अधिक लोग अपने आप की तुलना दूसरों से करते हैं। लोग भूल जाते हैं कि सोशल मीडिया पूरी सच्चाई नहीं है। लोग खुशियों वाली बातें पोस्ट करते हैं। कोई भी उदास बातें नहीं पोस्ट करता। लदर्शक उस बनावटी 'खुशी' को महत्व देते हैं और दबाव महसूस करते हैं। इस मानसिक दबाव का सबसे ज्यादा बुरा असर युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। वे सबसे बेहतर बनने की इच्छा रखते हैं। वे सोचते हैं कि यदि वे नया फोन खरीदते हैं या नाम ब्रांड कपड़े खरीदते हैं, तो उन्हें सफल माना जाएगा। जब लोग अपनी वास्तविक स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पाते तो वो असुरक्षित हो जाते है। वे बनावटी खुशी दिखाते रहते हैं और खुद के साथ खुश रहने का तरीका भी भूल जाते हैं। वास्तव में खुशी और सफलता के बीच रिश्ता उतना सीधा नहीं, जितना समाज मान बैठा है। कई बार जिसे सफल माना जाता है, वह उदास हो सकता है और जो सरल जीवन जी रहा है, वह खुश हो सकता है। खुशियां वास्तव में समाज के विश्वास के विपरीत हैं। खुशियों का संबंध बाहरी दिखावे से नहीं हैं बल्कि मानसिक शांति और आत्म संतुष्टि से है। जो लोग दूसरों की राय की अत्यधिक चिंता करते हैं, वे हमेशा अपने मन की बात को सुनने में असमर्थ रहते हैं। सबसे अच्छी सफलता वह अवस्था है जिसमें खुशी और सफलता साथ रह सकते हैं।

---

लघु कथा

## सन्तोष सबसे बड़ा धन!



सुनील मिनोचा
कहानीकार

कन्हैयालाल व उनकी पत्नी सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होकर शहर में ही अपने मकान में रहने लगे। एक बच्चा बाहर सेटल हो चुका था। लड़कियां विवाह पश्चात सैटल थीं। यूं सुबह- शाम पत्नी के साथ पार्क में सैर कर, मन को शांत रखते थे। अपनी ढलती आयु में इक्का- दुक्का काम समीप की मार्केट में स्वयं पैदल ही कर लेते थे। एक बार ऐसे ही कन्हैयालाल पैदल मार्केट से आ रहे थे। पीछे से एक स्कूटर चला रही स्त्री , जिसके एक बच्चे ने पीछे अपना छोटा दो- पहिया साइकिल हाथ में पकड़ रखा था, वह सड़क किनारे चलते हुए उनसे टकरा गया। कन्हैयालाल नीचे गिर गये। फिर स्त्री थोड़ा-सा रुकी, बचाव समझ के जल्दी चलती बनी। उन्होंने फोन कर पड़ोस वालों को और पत्नी को बुलाया। उठने में दर्द कुछ देर बाद महसूस होने से किसी ने समीप एक्सरे करवाने की सलाह दी। इसमें पता चला कि कूल्हे की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया है। बेटे को बताया तो विदेश बैठे बच्चे ने किसी बड़े मशहूर डॉक्टर के अस्पताल से ईलाज की सलाह दी। ऐसा ही हुआ। सात लाख के करीब बिल बना। कुछ सरकारी तो कुछ अपना लगा। जब उनसे पूछा गया कि जिसने टक्कर मारी, उससे कुछ नहीं कहोगे? उनका जवाब था-मैंने पता लगाने की जरूरत नहीं समझी। मेरे कर्म में यही लिखा था। कोई बुरा कर्म कट गया।

कहते हैं -जान बच्ची तो लाखों पाए। लोकल बरह रही बेटियों ने खूब सेवा की। बेटे को भी बाहर से पूछने आना पड़ा। चाहे कुछ भी हो, सन्तोष सबसे बड़ा धन है। ऐसे ही एक अन्य घटना याद आती है। जब एक अन्य सेक्टर में एक सेवानिवृत्त इंजीनियर सुबह अपनी लड़की के साथ सैर कर रहा था। एक काम करने वाली लड़की ने ध्यान कहीं ओर होने से, पीछे से साइकिल से टक्कर मार दी। उसका पता नोट किया। फिर अस्पताल में लाखों का बिल बना, जो सरकार से मिल जाना था। उस गरीब काम वाली लड़की की कुछ दिन बाद शादी भी थीं। तब उससे कम से कम एक लाख वसूल कर चैन पड़ा। सबके मन में पैसे के प्रति भावना एक जैसी नहीं होती ।

---

कुछ हटकर

## बैचलर ऑफ डिजाइन इन इंटीरियर में बनाएं करियर



डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

बैचलर ऑफ डिजाइन इन इंटीरियर डिजाइन (बी.डिजाइन इंटीरियर डिजाइन) चार वर्षीय रचनात्मक एवं व्यावसायिक स्नातक पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को आंतरिक स्थानों (**Interior Spaces**) की सौंदर्यात्मक, कार्यात्मक और तकनीकी डिजाइनिंग की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः स्पेस प्लानिंग, फर्नीचर डिजाइन, इंटीरियर मटेरियल्स, लाइटिंग डिजाइन, कलर थ्योरी, बिल्डिंग सर्विसेज, 3D विजुअलाइजेशन, ऑटोCAD, सस्टेनेबल डिजाइन, वास्तु तत्व, इंटीरियर स्टाइलिंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है।

### उद्योगों में महत्व

इन विषयों का वास्तविक जीवन और उद्योगों में अत्यधिक महत्व है। आधुनिक घरों, कार्यालयों, होटल्स, मॉल्स, हॉस्पिटल्स में सौंदर्य, सुविधा और उपयोगिता का संतुलन इंटीरियर डिजाइनिंग के माध्यम से ही संभव होता है।

### विशेषज्ञताएं

- रेजिडेंशियल इंटीरियर डिजाइन
- कमर्शियल एवं ऑफिस स्पेस डिजाइन
- फर्नीचर एवं प्रोडक्ट डिजाइन
- लाइटिंग डिजाइन
- एक्सहिबिशन एवं सेट डिजाइन
- हॉस्पिटैलिटी एवं होटल
- इंटीरियर डिजाइन
- सस्टेनेबल एवं ग्रीन इंटीरियर डिजाइन
- 3D विजुअलाइजेशन एवं रेंडरिंग
- रिटेल एवं शोरूम डिजाइन
- लैंडस्केप एवं स्पेस स्टाइलिंग
- लक्जरी इंटीरियर डिजाइन



### आवश्यक कौशल

सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि रचनात्मक दृष्टिकोण, तकनीकी डिजाइनिंग कौशल और व्यावहारिक अनुभव ही इंटीरियर डिजाइन उद्योग में सफलता का आधार बनते हैं। आज का इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजाइन उद्योग सौंदर्य, कार्यक्षमता और आधुनिक तकनीक के संतुलन पर आधारित है।

### सरकारी क्षेत्र में विकल्प

- सार्वजनिक निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विभाग
- स्मार्ट सिटी एवं सरकारी भवन परियोजनाएँ
- सार्वजनिक भवन डिजाइन एवं स्पेस प्लानिंग सहयोगी

आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):

- फ्रेशरः लगभग ₹3.5–₹7.0 लाख वार्षिक (विभाग एवं पदानुसार)
- अनुभवी/वरिष्ठः लगभग ₹8–₹18 लाख वार्षिक; विभिन्न सरकारी परियोजनाओं एवं परामर्श भूमिकाओं में अतिरिक्त अवसर उपलब्ध

### निजी क्षेत्र में विकल्प

इंटीरियर डिजाइन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग आज तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में से एक है। रियल एस्टेट कंपनियाँ, आर्किटेक्चर फर्म्स, डिजाइन स्टूडियो, होटल उद्योग और लक्जरी ब्रांड्स ऐसे प्रोफेशनल्स की तलाश में रहते हैं जो रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता के साथ आधुनिक स्पेस विकसित कर सकें।

### उच्च अध्ययन के विकल्प

- मास्टर ऑफ डिजाइन – इंटीरियर एवं स्पेस डिजाइन
- एम.बी.ए. इन डिजाइन मैनेजमेंट
- फर्नीचर एवं प्रोडक्ट डिजाइन में विशेषज्ञता
- सस्टेनेबल एवं ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन कार्यक्रम

अधिक जानकारी के लिए **Career Jaano** पर भी विजिट कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्मनाद ध्यान साधारण ध्यान विधि नहीं

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ के साधना केंद्र में संडे ध्यान कार्यक्रम आचार्या मां साक्षी के सान्निध्य में ब्रह्मनाद ध्यान का विशेष आयोजन हुआ। इस मौके पर आचार्या मां साक्षी ने कहा कि ब्रह्मनाद ध्यान कोई साधारण ध्यान विधि नहीं है। यह साधक को उस दिव्य ध्वनि से जोड़ता है जो हमारे भीतर ही गूंजती रहती है बस हम उसे सुनना भूल जाते हैं। इस सत्र में साधकों ने मन की परतों को एक-एक कर हटाते हुए उस आंतरिक शांति का स्पर्श किया, जिसकी तलाश में इंसान जीवन भर भटकता रहता है। ध्यान के बाद जब साधकों ने आंखें खोलीं, तो चेहरों पर एक अलग ही सुकून था। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने साधकों को संबोधित किया और ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

### 40 जरूरतमंद लोगों के मुफ्त नेत्र ऑपरेशन

**हिसार।** स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों से जुड़े दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में दीप सेवा संस्थान के सहयोग से सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 40 जरूरतमंद लोगों का ऑपरेशन प्रशिक्षित व अनुभवी चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में किया जाएगा। दीप सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. रमेश अग्रवाल की रचनात्मक सोच के चलते यह शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि दीप सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित होने वाले शिविर के लिए निशुल्क पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

### निःशुल्क नेत्र जांच एवं मेडिकल कैंप लगा

**हिसार।** गांव बालावास में मदद जवान किसान गौसेवा समिति और भारत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क आंखों एवं मेडिकल जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ग्रामीणों की आंखों, बीपी और शुगर की जांच निशुल्क की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। आंखों के कैंप के साथ साथ मदद जवान किसान गौसेवा समिति ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाते हुए गौसेवा से जुड़े बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सरकारी स्कूल के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य संतोष जून, अनिल शर्मा, शंकर धीवां, डॉ. वेदपाल सोनी, सूबेदार अनिल सिहाग, विकास यादव, अमरदीप फौजी, सुशील लाडवी एवं अंजू दलाल उपस्थित रहे।

### श्रीराम नारायण कौशिक भवन का निर्माण शुरू

**हिसार।** साधन संपन्न वृद्धों की सुख-सुविधाओं व शालीन जीवन-यापन के लिए समाजसेवी विजय कौशिक ने एक अनूठी पहल की है। दरअसल परिवार से प्रताड़ित या सेवा से महरूम साधन संपन्न बुजुर्गों के लिए चौधरीवास में श्रीराम नारायण कौशिक भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। निर्माणाधीन आचार्य श्री विद्यासमयशरणम्-मोक्ष वृद्धाश्रम के पीछे इस भवन का निर्माण पूरे जोर-शोर से शुरू हो गया है। यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा।

### सिलाई शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**आदमपुर।** मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा संत नामदेव मंदिर प्रांगण में रविवार को 50 दिवसीय सिलाई शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ आदमपुर के सरपंच जगत अग्रवाल, जवाहर नगर के सरपंच कुलदीप ज्यानी तथा व्यापार मंडल उपप्रधान संदीप गोयल ने संयुक्त तौर पर किया। इस मौके पर अतिथियों ने मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट की सराहना की। ट्रस्ट के प्रधान प्रधान विनोद नामदेव ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पिछले पिछले 3 सालों से लगातार गर्मियों की छुट्टियों में चार-चार महीने के लिए सिलाई की ट्रेनिंग दी जाती है।

---

### पूर्णिमा पर श्री विष्णु भगवान मंदिर में सत्यनारायण कथा में उमड़े श्रद्धालु

# पुरुषोत्तम मास में सत्यनारायण कथा श्रवण से मोक्ष की राह होती है आसान : कैलाश जोशी

**कथा सुनने से जीवन के कष्ट होते हैं दूर**

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित श्री सत्यनारायण भगवान कथा का मंदिर प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर व्यवसायी प्रवीण जैन धर्मपत्नी आशा जैन संग मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ज्योत प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा विधिवत पूजन एवं कथा में निष्ठापूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में रिटायर्ड जिला जज राजकुमार शर्मा ने पत्नी प्रतिभा शर्मा संग विशेष तौर पर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश खरड़िया ने की। कथा के दौरान मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम जोशी द्वारा शास्त्रानुसार पूजन करवाया गया था पंडित कैलाश जोशी द्वारा कथा वाचन किया गया। पंडित जोशी ने श्री सत्यनारायण भगवान की कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुरुषोत्तम माह की पूर्णिमा विशेष फल देने वाली है। इस दिन भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने और उनका पूजन करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मोक्ष की राह आसान होती है। कुंडली में सूर्य, चंद्रमा या बृहस्पति की स्थिति कमजोर होने से होने वाले दोष शांत होते हैं।



**हांसी।** रिटायर्ड जिला जज राजकुमार शर्मा मुख्य यजमान प्रवीण जैन को पटका पहनाकर सम्मानित करते मंदिर प्रबंधन समिति प्रधान रमेश खरड़िया।

**ये रहे उपस्थित**

*इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल, हंसराज महमिया, पूर्व मुख्याध्यापक जय भगवान, पूर्व बैंक प्रबंधक भारत भूषण मेहता, दीपक पंसारी, प्रवीण सहारा, संजीव गुप्ता, सचिन बंसल, नवीन सोनी, डॉक्टर रामनिवास शोरगर, सोनू सिंधवानी, भीम राजौरा, मधु बंसल, मधु गोयल, कविता शर्मा, स्नेहलता जैन, पूर्व पार्षद अनेश मित्तल, शिल्पा बंसल, देबो देवी, सुनीता देवी, उमा देवी, बबीता देवी, नीतू बंसल, पिंकी बंसल, शान्ति जोशी, पूर्व बंसल, चैतन्य गर्ग, भाविक जैन, वासुदेव शर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।*

---



**हांसी।** महाराजा अरुट को श्रद्धांजलि अर्पित करते सूर्यवंशी खत्री पंजाबी सभा के सदस्य।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई सूर्यवंशी महाराज अरूट जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

सूर्यवंशी महाराज अरूट की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। सूर्यवंशी खत्री पंजाबी सभा द्वारा जय भारत मंडल धर्मशाला में आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। इस दौरान महाराज अरूट जी के जीवन, इतिहास और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने महाराज अरूट जी के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि वे भगवान श्रीराम के पुत्र लव द्वारा स्थापित लाहौर नगरी के सातवें वंशज तथा राजा काल राय जी के ज्येष्ठ पुत्र थे। उन्होंने सिंधु नदी के तट पर अरूटकोट नगर की स्थापना की थी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कृष्णा मदान, सतीश कालरा, डॉ. मदन लाल वलेचा, सुरेंद्र अरोड़ा, पुनीत मदान, मुकेश टुटेजा, तनुज खुराना, दिनकर गावड़ी, माधव बावा, राकेश धवन, पंकज कोचर, पवन इलाहाबादी, हरीश धमीजा, राकेश भाटिया, किरीट मदान, विक्की वासुदेवा तथा एडवोकेट कुणाल मदान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

---



**हांसी।** स्ट्रेस मैनेजमेंट शिविर को संबोधित करते प्रशिक्षक राजन कुमार शर्मा।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में आईआईटी मद्रास में चयनित शिक्षक का सम्मान

**हांसी।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में रविवार को विद्यालय के भौतिक विज्ञान शिक्षक बालेश्वर महतो के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास में एमटेक के लिए चयन होने पर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव तथा कुलदीप यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बालेश्वर महतो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन आनंद यादव ने घोषणा की कि आईआईटी मद्रास में एमटेक की पढ़ाई के दौरान होने वाले समस्त शैक्षणिक व्ययों का वहन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जाएगा। विदाई समारोह के उपरांत विद्यालय में सीबीएसई क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय स्ट्रेस मैनेजमेंट (तनाव प्रबंधन) था।

## पंजाब की जनता ने काम की राजनीति पर लगाई मुहर : वीरेंद्र

**हिसार।** पंजाब निकाय चुनाव में जनता ने आम आदमी पार्टी की काम की राजनीति पर मुहर लगाई है। जनता ने जान लिया है कि केवल आम आदमी पार्टी ही हर वर्ग की हितैषी है। यह बात आप के प्रदेश कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र नरवाल ने कही। कहा कि पंजाब की जनता ने 'ईडी पार्टी की राजनीति' को नकार दिया है। बीजेपी के 1142 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में भाजपा अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाई क्योंकि भाजपा की पुरजोर कोशिश थी कि चुनाव ईवीएम से हो जबकि आम आदमी पार्टी ने जनता की इच्छा अनुरूप बेल्ट पेपर से चुनाव करवाना उचित समझा और परिणाम भी सबे सामने है।



वीरेंद्र नरवाल

# लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका महत्वपूर्ण

- हिंदी प्रेस डे पर हांसी प्रेस क्लब ने लगाया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप
- कैबिनेट मंत्री ने पत्रकारों की भूमिका को बताया लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हिंदी प्रेस डे के उपलक्ष में रविवार को हांसी प्रेस क्लब द्वारा क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए जिला सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में एक फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सतवीर वर्मा, पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव सहित अनेक पत्रकार और उनके परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हांसी प्रेस क्लब के प्रधान संदीप सैनी व क्लब के सदस्यों ने मुख्य अतिथि रणबीर गंगवा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



**हांसी।** शिविर में अपनी आंखों की जांच करवाते केबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने हांसी प्रेस क्लब को 5 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने हिंदी प्रेस दिवस की पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चार स्तंभ न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और प्रेस हैं तथा प्रेस को चौथा स्तंभ इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह जनता और सरकार के बीच मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों से विकास और समस्याओं के समाधान की अपेक्षा रखती है, लेकिन यदि कहीं कोई कमी रह जाती है तो पत्रकार निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ उन मुद्दों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।

**मंत्री को पुस्तक भेंट की**

*इस अवसर पर प्रसिद्ध इतिहासकार जगदीश सैनी ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को हांसी का इतिहास नामक पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों के डॉ. लाल पैथ लैब्स से 14 प्रकार के टेस्ट करवाए गए। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव ने हिंदी पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला।*

## कई जिलों में गंभीर पेयजल संकट : राजेन्द्र

**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण प्रदेश के कई जिलों में पानी का भारी संकट पैदा हो गया है, जिससे लोग टैंकरों के पीछे भागने और गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति मई-जून की गर्मी में पानी की मांग बढने और सप्लाई में लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई है। लोगों में पर्याप्त पानी न मिलने से हाहाकार मचा हुआ है। आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हांसी के चानौत और हिसार के आदमपुर जलघर में पानी की बदहाल स्थिति पर अधिकारियों को चार्जशीट और निलंबित तक होना पड़ा है। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि चानौत गांव में ग्रामीणों के धरने पर पहुंचने के बाद हांसी के विधायक को अपनी नाकामी के कारण खरी-खोटी सुननी पड़ी।



राजेन्द्र सोरखी

---

# 'हमारा प्यार हिसार' ने लुवास परिसर में चलाया पेंटिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- पुराने एवं अनुपयोगी टायरों को विभिन्न आकर्षक रंगों से किया पेंट

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने के अपने सतत प्रयासों के तहत 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने रविवार को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के पशु चिकित्सालय परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय, लुवास पशुचिकित्सालय के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं पिछले कई दिनों से क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स को सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए 'हमारा प्यार हिसार' की टीम ने परिसर में पुराने एवं अनुपयोगी टायरों को विभिन्न आकर्षक रंगों से पेंट करने का कार्य किया। इन टायरों का उपयोग परिसर की सजावट एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। रंग-बिरंगे टायर परिसर की सुंदरता में चार चांद लगाने के साथ-साथ पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे।अभियान के दौरान सभी प्रतिभागियों ने श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में योगदान दिया। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, डॉ. राज वर्मा, डॉ. संदीप गुप्ता, राजेंद्र गहलोत, प्रो. हरीश भाटिया, अदेश मलिक, कमल भाटिया, डॉ. बीबी बांगा, त्रिलोक बंसल, मंजू पुनिया, डॉ. नीलेश सिंधु, मधु गोयल, सुमन एरन, ममता छाबड़ा, गगन मेहता, विजय कादियान, सत्येन्द्र यादव, राजन वर्मा, डॉ. विशाल मोहन, दिनेश बंसल, परवीन मित्तल, अनुराग परवाल, ईशा बिष्ट, नमित, सिद्धार्थ गोयल, राहुल, अशोक, मनीष, पंकज, अक्षु, सान्वी, मंदीप बिश्नोई, यजत, भाविका, शिवांशी, प्रज्वल, कैफी तथा सैफी व अन्य ने भाग लिया।



**हिसार।** पेंटिंग अभियान में लगे बच्चे व अन्य सदस्य।

## हांसी पुलिस ने अवैध शराब बरामद की

**हांसी।** अवैध शराब तस्करी और नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हांसी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब और लाहन बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ हरियाणा आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बाइक पर ले जा रहा था 3 पेटी शराब, सैनीपुरा पुल पर दबोचा

पुलिस चौकी सिसाय पुल प्रभारी उप निरीक्षक रविकांत ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि ढाणी पाल निवासी अमित मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर गांव की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने सैनीपुरा पुल बाईपास रोड के नीचे नाकाबंदी की। शक के आधार पर एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से तीन पेटी देसी शराब और एक पेटी देसी पव्वे बरामद हुए। बरामद शराब में 36 बोतल और 50 पव्वे शामिल थे।

### खेत में छिपाकर रखा था 50 लीटर लाहन, पुलिस ने किया बरामद

दूसरे मामले में पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा के एसआई विनोद कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव कापड़ो निवासी सुरेश उर्फ सुरेशी अपने खेत में बने कोठे के पास अवैध शराब बनाने के लिए लाहन रखे हुए है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान खेत में रखे प्लास्टिक ड्रम से करीब 50 लीटर लाहन बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना नारनौंद में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

## महाराजा अरुट की जयंती पर विजेता पार्षदों एवं चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का किया सम्मान

- महाराजा अरुट जी जन्मोत्सव पर सत्संग, भंडारा एवं सम्मान समारोह हुआ

**उकलाना।** पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अरोड़ा वंश के आदि प्रवर्तक महाराजा अरुट जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में भव्य सत्संग, भंडारा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा महाराजा अरुट जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। सत्संग के दौरान संत सत्यानंद महाराज एवं संत प्रेमानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचनों से निहाल किया। संत सत्यानंद महाराज ने कहा कि अमृत वेले उठकर प्रभु का सिमरन करने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि तन की सेवा से शरीर के रोग दूर होते हैं, जबकि मन की सेवा और प्रभु भक्ति से मानसिक विकार समाप्त होते हैं। पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा नगर पालिका चुनाव में विजयी पार्षदों तथा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को सम्मानित किया गया। वार्ड-5 से निर्वाचित पार्षद सुमित भ्याना, वार्ड-12 से निर्वाचित पार्षद रश्मि रेलहन, वार्ड-4 से चुनाव लड़ने वाली सुनीता नागपाल, वार्ड-9 से चुनाव लड़ने वाले कुणाल सामा, प्रेम भाटिया तथा नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सोनिया बत्रा को सम्मानित किया गया।



**उकलाना।** कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## पुराने कर बकायों का समाधान एकमुश्त निपटान स्कीम-2026 आरंभ



महेंद्र पाल, डीसी, हिसार।

**हिसार।** व्यापारियों और करदाताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान स्कीम (ओटीएस)-2026 लागू करने का निर्णय लिया है। यह स्कीम एक जून से 28 सितंबर तक, कुल 120 दिनों के लिए प्रभावी रहेगी। इस योजना के माध्यम से पुराने कर बकायों का निपटारा होगा, अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या कम होगी तथा जीएसटी संग्रहण को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2025 में लागू की गई एकमुश्त निपटान स्कीम को व्यापारियों ने अभूतपूर्व समर्थन दिया था। उस योजना का लाभ 1,15,223 व्यापारियों ने उठाया था।

---

**पहल** गंगवा में दूसरे दिन भी उमड़ा जनसैलाब

*योग का दीप हुआ प्रज्ज्वलित, शहर के शिविरों का यज्ञ के साथ समापन*

# हर व्यक्ति को योग और पौधरोपण से जुड़ना चाहिए : संजीव गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान द्वारा संचालित योग जागरण अभियान ने रविवार एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया। शहर के मिलगेट स्थित ओ.पी. जिंदल मेमोरियल पार्क तथा बस स्टैंड स्थित जिंदल पार्क में आयोजित पाँच दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविरों का वैदिक मंत्रोच्चारण, सामूहिक यज्ञ एवं स्वास्थ्य संकल्प के साथ समापन हुआ, जबकि ग्राम गंगवा के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित शिविर दूसरे दिन भी उत्साह, अनुशासन और जनभागीदारी के साथ जारी रहा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी संजीव गंगवा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित योग अभ्यास के साथ-साथ वृक्षारोपण अभियान से भी जुड़ना चाहिए। योग शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ बनाता है, जबकि वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध एवं संतुलित रखते हैं।



**हिसार।** गांव गंगवा में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास करते साधक।

**नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया**

गंगवा शिविर में जिला प्रभारी वीरेन्द्र बड़ाला ने साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, बंध एवं मुद्राओं का अभ्यास करवाते हुए बताया कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक विकास का आधार है। शहर के मिलगेट स्थित ओ.पी. जिंदल मेमोरियल पार्क में अंतिम दिन डॉ. मुकेश कुमार ने विशेष योग एवं प्राणायाम सत्र का संचालन किया, जबकि बस स्टैंड स्थित जिंदल पार्क में सुनील कक्कड़ ने योगाभ्यास करवाते हुए नियमित योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। जिंदल पार्क ऑटो मार्केट में वरिष्ठ समाजसेवी बलराज मलिक ने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी।

### योग जीवन जीने की एक श्रेष्ठ पद्धति

पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान जिला हिसार के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने कहा कि किसी भी योग शिविर का समापन वास्तव में एक नई शुरुआत होती है। योग केवल कुछ दिनों का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ पद्धति है। प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि पतंजलि परिवार द्वारा पूरे हिसार जिले में योग जागरण अभियान चलाया जा रहा है। एक जून से टाउन पार्क एवं मधुबन पार्क में योग शिविर प्रारम्भ होंगे तथा 7 जून से 21 जून तक ठाकुरदास भार्गव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 15 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।



**हिसार।** श्री श्याम मंदिर में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## श्याम मंदिर में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को सायंकाल भव्य संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर बाबा श्याम के भजनों में लीन हो गए। कीर्तन में भजन गायकों द्वारा हारे के सहारे, श्याम तेरी बंसी पुकारे, श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है,दुनिया के आगे प्रभु चुपचाप रहता है...मेरा तू ही तो हमदर्द है, जिसे हर बात कहता हूं जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर श्याममय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान बाबा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। दर्शनार्थ आए भक्तों मे प्रसाद वितरण किया गया और सभी भक्तों ने बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर ईश्वर सब पर मंदिर कमेटी के विनोद अग्रवाल, सुभाप बंसल, रामकुमार गोयल, त्रिलोक बंसल, रमेश मित्तल, आशीष जैन, राजकुमार जैन, सुभाष सैनी, अजय गोरखपुरिया मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### साधकों ने किया दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास

**हिसार।** आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा साप्ताहिक फ़ॉलोअप का आयोजन भारत माता मंदिर एवं हैप्पीनेस सेंटर, सेक्टर-14 में किया गया। इसका संचालन शिक्षक एवं स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता एवं डॉ. उमेश आर्य ने किया। नीरज ने बताया कि आज साप्ताहिक फ़ॉलोअप में साधकों ने योग, सूर्य नमस्कार, पद्मसाधना, प्राणायाम के साथ गुरुदेव के पावन वाणी में सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। फ़ॉलोअप में साधक जिन्होंने हैपीनेस कार्यक्रम किया है, उसमें सीखी गयी तकनीकों को तरोताजा करते है। अपनी दैनिक साधना में टिके रहने के लिये प्रेरणा पाने का फ़ॉलोअप केन्द्र एक श्रेष्ठ प्रेरणा स्थल है।

### ओशो ध्यान उपवन में हुआ प्रकृति पर ध्यान सत्र

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में ध्यान और प्रकृति पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस ध्यान सत्र में साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और प्रकृति से जुडक़र जीने एवं प्रकृति से लयबद्ध होने के उपाय समझे। स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों को हर परिस्थिति में प्रकृति से जुडक़र जीने के लिए प्रेरित किया। स्वामी संजय ने साधकों को समझाया कि ध्यान और प्रकृति का संतुलन इंसान को मानसिक तनाव से मुक्त करके आंतरिक संतुलन, शांति और आनंद की ओर ले जाता है। ध्यान सत्र के दौरान स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों के साथ ओशो ध्यान उपवन में 4 से 7 जून तक आयोजित होने वाले दो मेडिटेशन कैंप की जानकारी भी साझा की।

### अवैध शराब सहित एक काबू 31 बोतल शराब बरामद

**हिसार।** सिविल लाइन एक आरोपी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पीएसआई कर्मबीर ने बताया कि वे उनकी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर जयदेव ढाणी में रह रहे भिवानी निवासी विजय को 19 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 12 बोतल देशी शराब सहित काबू किया गया। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### मोबाइल चोरी का आरोपी काबू, मोबाइल बरामद

**हिसार।** एचटीएमएम थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी की पहचान धक्का बस्ती निवासी शिवा के रूप में हुई है। प्रभारी पीएसआई विकास कुमार लाठर ने बताया कि इस संबंध में इंदिरा नगर निवासी प्रवीन की शिकायत पर उसका मोबाइल फोन चोरी होने का केस दर्ज किया गया था।

### बसपा का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन आज

**हिसार।** बसपा द्वारा 1 जून को कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, महंगाई, भर्ती प्रक्रियाओं में विसंगतियों, शिक्षण संस्थानों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं तथा गरीबों पर की जा रही बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। बसपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता प्रातः क्रांतिमान पार्क, हिसार में एकत्रित होंगे और वहां से नारेबाजी करते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकालेंगे।

## दैनिक 'हरिभूमि' समाचार-पत्र ने मुख्य बस स्टैंड पर चलाया जागरूकता और हस्ताक्षर अभियान

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लिया नशा मुक्ति का संकल्प

*जिंदगी को कहें 'हां', तंबाकू को कहें 'ना' के संदेश से गूंजी फिरोजशाह नगरी*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

दैनिक 'हरिभूमि' समाचार-पत्र द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य बस स्टेंड पर जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवा पीढ़ी को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस जानलेवा लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पुलिस, रोडवेज कर्मचारियों और आम जनता ने गहरी रुचि दिखाई। बस अड्डे पर मौजूद हजारों लोगों ने बैनर पर हस्ताक्षर करके तंबाकू को स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया।

इस मौके पर युवाओं को संकल्प दिलाया गया कि वे जीवन में कभी भी सिगरेट, हुक्के या किसी अन्य तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। नागरिकों ने 'हरिभूमि' की इस सामाजिक मुहिम की जमकर सराहना की। उपस्थित लोगों का मानना था कि तंबाकू और नशे जैसी सामाजिक बीमारी पर केवल कानूनों से नहीं, बल्कि लगातार ऐसे जागरूकता अभियानों, बड़ों के मार्गदर्शन और माता-पिता की सही नसीहतों से ही रोक लगाई जा सकती है।

**यह रहे सह-प्रायोजक**

इस जनहित अभियान को सफल बनाने में सह-प्रायोजक के रूप में सत्यम डॉक्टर महाजन फैमिली केयर हॉस्पिटल, सर्वेश हेल्थ सिटी, आधार हेल्थ इंस्टिट्यूट, अमृत अस्पताल, मेडीसिटी मल्टीस्पेशलिटी एंड न्यूरो केयर सेंटर, अरोड़ा ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल, अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल, मानव इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी व मलिक टोयोटा का विशेष सहयोग रहा।



**हिसार।** युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प दिलाते पतंजलि योग समिति के नशा मुक्ति जिला प्रभारी बलराज सिंह मलिक।

**बलराज सिंह मलिक ने दिलाया नशामुक्ति का संकल्प**

अभियान के दौरान पतंजलि योग समिति के नशा मुक्ति जिला प्रभारी बलराज सिंह मलिक ने युवाओं को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। हमें नशे से बचना चाहिए। नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने की यह मुहिम सराहनीय है।

**'हरिभूमि' की सराहना**

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा ने तंबाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान के लिए 'हरिभूमि' की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'हरिभूमि' लोगों को सूचनाएं देने के साथ-साथ अपनी सामाजिक दायित्व का भी बखूबी निर्वहन कर रहा है। नशे के खिलाफ 'हरिभूमि' द्वारा उठाया गया यह कदम समाज के लिए काफी लाभकारी साबित होगा।

**नशे से मुक्ति का संकल्प लें : डॉ. अमिता गर्ग**



आईएमए सचिव डॉ. अमिता गर्ग ने कहा कि नशा एक व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक समस्या है। युवा बीमार है तो देश का भविष्य भी अंधकारमय है। तंबाकू का सेवन न केवल कैंसर और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि यह आपके परिवार के भविष्य को भी खतरे में डालता है। आइए विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशे से मुक्ति का संकल्प लें।

**स्वस्थ जीवन अपनाएं : डॉ. सिंह**





आईएमए के प्रधान डॉ. गुरनीश सिंह ने कहा कि तंबाकू को कहें ना, जीवन को हां। तंबाकू का सेवन न केवल जानलेवा है, बल्कि यह परिवार और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए हमें तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। आपका एक छोटा सा संकल्प आपके और आपके परिवार के भविष्य को सुरक्षित कर सकता है। इस घातक लत को छोड़ने के लिए संकल्प लें और एक स्वस्थ जीवन अपनाएं।

**पूनिया ने किया नशे से दूर रहने का आह्वान**



ऑवर्स अकादमी के निदेशक इंजीनियर सुरेंद्र पूनिया ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि हर आयु वर्ग के लोगों को खुद से नशे से बचना चाहिए और अन्यों को भी नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने 'तंबाकू को न' कहने की संस्कृति अपनाने पर जोर दिया।

**नशा स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह : डॉ. महाजन**




सत्यम डॉक्टर महाजन फैमिली केयर संचालक एवं आईएमए के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन ने कहा कि आजकल शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के युवा वर्ग नशे के चंगुल में फंसते जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदेह है। कम उम्र में तंबाकू का सेवन करने से शरीर के विकासशील अंगों को भारी नुकसान पहुंचता है। इससे फेफड़े, गले व मुंह का कैंसर, हृदय रोग, मानसिक असंतुलन और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

**नशा मुक्ति टीम व पुलिस कर्मचारियों ने लिया हिस्सा**



पुलिस की नशा मुक्ति टीम की ओर से एएसआई लीलाधर एवं बस अड्डा चौकी से हरपाल सिंह भी अभियान का हिस्सा बने। उन्होंने 'हरिभूमि' के प्रयास की सराहना की और कहा कि जनता को जागरूक करने के लिए इस तरह के अभियान की बहुत जरूरत है।


**लोगों को तंबाकू की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया**











## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली निकाली




**हिसार।** जागरूकता रैली निकालते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

जिले के गांव सलेमगढ़ में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान एवं मानवी कुश्ती एकेडमी सलेमगढ़ के सहयोग से किया गया। इस दौरान शहीद भगत सिंह पार्क से लेकर गांव की गलियों में नारे लगाते लोगों को जागरूक किया गया। आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बच्चों को बताया कि तम्बाकू का सेवन करने से बहुत नुकसान हो सकती है। खास कर तम्बाकू से मुंह का कैंसर होना। धुम्रपान शरीर ओर स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक है। इससे बचाने के लिए देश में और लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है वरना यह एक ख़तरनाक बीमारी है। इस मौके पर प्रोमिल आर्य, मोहित मानवी, कुश्ती एकेडमी के कोच गुरदीप सिंह बैनीवाल, सुशील, सोनू आदि रहे।

## डॉ. सचिन मित्तल ने युवाओं से किया तंबाकू छोड़ने का आह्वान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध दंत चिकित्सक एवं डॉ. सचिन मित्तल्स एडवांस्ड डेंटिस्ट्री के डायरेक्टर डॉ. सचिन मित्तल ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से तंबाकू और धूम्रपान जैसी घातक आदतों से दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. सचिन मित्तल ने कहा कि एक दंत चिकित्सक के रूप में वे प्रतिदिन ऐसे मरीजों का उपचार करते हैं, जिनकी मौखिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का मुख्य कारण तंबाकू सेवन होता है।

■ **तंबाकू से होने वाली अधिकांश समस्याओं को समय रहते रोका जा सकता है**

उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन की शुरुआत भले ही दांतों पर दाग, मुंह की दुर्गंध या मसूड़ों की समस्याओं से होती है, लेकिन समय के साथ यही आदत मुंह के कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी का रूप ले सकती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से होने वाली अधिकांश समस्याओं को समय रहते रोका जा सकता है।

केवल तंबाकू छोड़ने का एक सही निर्णय व्यक्ति की मुस्कान, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना सकता है। स्वस्थ दांत न केवल अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक हैं, बल्कि आत्मविश्वास और बेहतर जीवनशैली का भी आधार हैं। डॉ. मित्तल ने बताया कि डॉ. सचिन मित्तल्स एडवांस्ड डेंटिस्ट्री, हिसार में विशेषज्ञ डॉक्टरों की मल्टी-स्पेशियलिटी टीम केवल दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए भी लगातार कार्य कर रही है।

## 10 को मिड-डे मील वर्कर्स का प्रदर्शन

**25 अक्टूबर को रोहतक में होगी किसान-मजदूर महापंचायत**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी**

केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी से संबंधित मिड-डे मील, भवन निर्माण, मनरेगा मजदूर यूनियन व एआईकेएमएस की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को बजरंग आश्रम में जिला प्रधान सत्यनारायण भाटोल की अध्यक्षता में हुई।

एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि केंद्र सरकार ने चार लेबर कोड लागू कर 150 सालों के संघर्ष से मिले श्रम कानून खत्म कर दिए। आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जा रहा।

जिला प्रधान सत्यनारायण भाटोल ने बताया कि लेबर वैलफेयर बोर्ड का पोर्टल कई महीनों से बंद होने से मजदूरों के हित लाभ रुके हैं। पोर्टल तुरंत चालू करने की मांग की।




**हांसी।** सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियनों के सदस्य।

एआईकेएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सत्यवान ने 25 अक्टूबर को रोहतक में किसान-मजदूर महापंचायत का ऐलान किया। एआईयूटीयूसी के प्रदेश अध्यक्ष राजिंदर सिंह एडवोकेट ने कहा कि 10 जून को हांसी में मिड-डे मील कार्यकर्ता प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे। 24 जून को भिवानी की प्रदेश स्तरीय रैली में हांसी से बड़ी भागीदारी होगी।

बैठक में वंदना ठाकुर, खुशी राम, शिवचरण, विजेंद्र जीतपुरा, राहुल भाटोल, संतरो, सुनिता मिलकपुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्री सोमनाथ यात्रा के लिए आवेदन 6 जून तक

**हिसार।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने अंत्योदय परिवारों के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की निशुल्क धार्मिक यात्रा कराने का निर्णय लिया है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक श्रद्धालु 6 जून तक हरियाणा सरकार के सरल हरियाणा पोर्टल **saral-haryana.gov.in/** पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले श्रद्धालु हिसार के लघु सचिवालय के चौथे तल पर स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय को इसकी सूचना अवश्य दें। श्रद्धालुओं को 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्पेशल ट्रेन में सीट उपलब्ध करवाई जाएगी। यह विशेष ट्रेन कुरुक्षेत्र से चलकर करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों से होते हुए श्री सोमनाथ पहुंचेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को कुरुक्षेत्र रेलवे जंक्शन से इस स्पेशल ट्रेन को श्री सोमनाथ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**रंगोत्सव 2026 का शुभारंभ, 300 बच्चों ने लिया भाग**

## बचपन जीवन का सबसे सुंदर और महत्वपूर्ण दौर: गीता भारती

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित तीसरा निःशुल्क समर आर्ट कैम्प 'रंगोत्सव 2026' का रविवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बच्चों, अभिभावकों एवं आमंत्रित सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष आयोजित किए जा रहे इस निशुल्क समर आर्ट कैंप में लगभग 300 विद्यार्थियों तथा 45 स्वयंसेवकों ने सहभागिता दर्ज करवाई है। इतने बड़े स्तर पर आयोजित यह कला शिविर न केवल हिसार बल्कि हरियाणा के सबसे बड़े निःशुल्क समर आर्ट आयोजनों में से एक माना जा रहा है।

आकार वेलफेयर सोसायटी का उद्देश्य बच्चों में बढ़ते मोबाइल के प्रभाव को कम करते हुए उन्हें कला, रचनात्मक गतिविधियों तथा शारीरिक सहभागिता की ओर प्रेरित करना है। संस्था का मानना है कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त माध्यम है।




**हिसार।** मंडलायुक्त गीता भारती को स्मृति चिन्ह देते आकार वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल आयुक्त गीता भारती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता उषा सैनी उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने बच्चों एवं अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बचपन जीवन का सबसे सुंदर और महत्वपूर्ण दौर होता है, जिसे खुलकर जीना चाहिए। उन्होंने बच्चों से सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को मोबाइल फोन एवं अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय व्यतीत करने से बचाएं तथा उन्हें ऐसी गतिविधियों से जोड़ें जो उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक हों। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ भाग लिया। रंगोत्सव 2026 के आगामी दिनों में चित्रकला, पेंसिल स्केचिंग आर्ट एंड क्राफ्ट एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों को सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। आकार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुमित सैनी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाला काबू, दो दिन के रिमांड पर लिया

**हांसी।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की ट्रॉली में भरी लकड़ी बेचकर हासिल की गई 2000 की नकदी भी बरामद की है। मुख्य सिपाही सुमेर ने बताया कि शहर थाना हांसी में ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की शिकायत दर्ज हुई थी।

■ **लकड़ी बेचकर कमाए 2000 बरामद**

शिकायतकर्ता ने बताया था कि घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आसपास के क्षेत्र में छानबीन के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली भिवानी क्षेत्र से पहले ही बरामद कर लिया था। इसके बाद आरोपियों की तलाश जारी रखी गई। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव माढा, हाल निवासी राम सिंह कॉलोनी हांसी निवासी को गिरफ्तार कर जांच में शामिल किया तो पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात में शामिल होने की बात कबूल कर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की ट्रॉली में भरी लकड़ी बेचकर प्राप्त की गई नकदी में से 2000 बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।